“33”
pib.nic.in
mod.nic.in

पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
‘हर काम देश के नाम’

नई दिल्लीः अग्रहायण 09, 1944
बुधवारः 30 नवंबर 2022

भारतीय तटरक्षक उन्नत हल्का हेलीकॉप्टर एमके-3 स्काड्रन, 840 स्काड्रन (सीजी), चेन्नई में चालू किया गया

तटरक्षक क्षेत्र पूर्व को और मजबूत करने के लिए एक प्रमुख बढ़ावा देते हुए, 840 स्काड्रन (सीजी), भारतीय तटरक्षक उन्नत हल्का हेलीकॉप्टर (एएलएच) एमके-3 स्काड्रन, को 30 नवंबर 2022 को भारतीय तटरक्षक एयर स्टेशन, चेन्नई में महानिदेशक श्री वीएस पठानिया द्वारा चालू किया गया। 840 स्काड्रन (सीजी) का चालू होना सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' की परिकल्पना के अनुरूप हेलीकॉप्टर निर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रगति का संकेत है। यह तमिलनाडु और आंध्र क्षेत्र के सुरक्षा संवेदनशील जलीय क्षेत्र में भारतीय तटरक्षक बल की क्षमताओं को एक बड़ा प्रोत्साहन प्रदान करेगा।

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा स्वदेश निर्मित एएलएच एमके-3 हेलीकॉप्टरों में अत्याधुनिक उन्नत रडार के साथ-साथ इलेक्ट्रो ऑप्टिकल सेंसर, शक्ति इंजन, फुल ग्लास कॉकपिट, उच्च तीव्रता वाले सर्च लाइट, उन्नत संचार प्रणाली, स्वचालित पहचान प्रणाली के साथ-साथ खोज और बचाव अभिलक्ष्यक शामिल हैं। यह सुविधा हेलीकॉप्टर को समुद्री टोह लेने के साथ-साथ अहर्निश पोतों से परिचालन करते हुए विस्तारित रेंज पर खोज और बचाव करने में सक्षम बनाती है।

विमान में गंभीर रूप से बीमार रोगियों के स्थानांतरण की सुविधा के लिए एक मेडिकल इंटेंसिव केयर यूनिट ले जाने वाले एक सौम्य प्लेटफॉर्म से भारी मशीन गन के साथ बदलने की क्षमता है। भारतीय तटरक्षक बल में चरणबद्ध तरीके से कुल 16 एएलएच एमके-3 विमान शामिल किए गए हैं और इनमें से चार विमान चेन्नई में तैनात हैं। समावेशन के बाद से, स्काड्रन ने 430 घंटे से अधिक उड़ान भरी है और कई परिचालन मिशनों का संचालन किया है।

एसआर/डीएस